# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 10.03.2026

**1. थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देश-विदेश में क्रूज आदि में नौकरी दिलाने के फर्जी विज्ञापन चलाकर धोखाधड़ी करने वाले 06 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 07 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 05 मॉनिटर, 05 कीबोर्ड, 05 CPU, 04 माउस, 01 राउटर, 02 मोहर, 02 चेकबुक, 02 सिम कार्ड, 01 एटीएम कार्ड तथा अन्य दस्तावेज आदि बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **10.03.2025** को **थाना सेक्टर-113 पुलिस** द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देश-विदेश में क्रूज आदि में नौकरी दिलाने का "WE ARE HIRING" नामक पेड एड (विज्ञापन) चलाकर धोखाधड़ी करने वाले 06 अभियुक्त (महिला/पुरुष) 1. सरीम खान पुत्र नफीस अहमद 2. शोएब खान पुत्र नजररुद्दीन 3. रितिका पुत्री राजीव गुप्ता 4. मन्तसा अब्बासी पुत्री इकबाल अहमद 5. फातिमा पुत्री गुलाम गोस सिद्दकी 6. खुशी उर्फ खुशबू पुत्री शकूर खां को एंथूरियम बिजनेस पार्क सेक्टर 73 नोएडा से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 07 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 05 मॉनिटर, 05 कीबोर्ड, 05 CPU, 04 माउस, 01 राउटर, 02 मोहर, 02 चेकबुक, 02 सिम कार्ड, 01 एटीएम कार्ड तथा अन्य दस्तावेज आदि बरामद।

**पूछताछ का संक्षिप्त विवरण--** पूछताछ के दौरान अभियुक्त सरीम खान व शोएब खान द्वारा बताया गया कि वे M/S RECRUITE SERVICE कम्पनी के फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर "WE ARE HIRING" के पेड एड चलाकर इच्छुक लोगों से फॉर्म भरवाते और उनकी डिटेल्स लेकर देश-विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 40,000–60,000 रुपये वसूलते थे। इसके बाद फर्जी जोइनिंग लेटर ईमेल के माध्यम से भेजकर धोखाधड़ी करते थे। इस काम के लिए उन्होंने एंथूरियम बिजनेस पार्क, सेक्टर-73, नोएडा में एक ऑफिस किराए पर लिया था, जहां उनके अन्य साथी भी मौजूद रहते थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. सरीम खान पुत्र नफीस अहमद निवासी मोहल्ला इन्द्रानगर, गढ़मुक्तेश्वर वर्तमान पता मेट्रो स्टेशन 59 के पास, मामूरा, थाना फेस-03, गौतमबुद्धनगर, उम्र 25 वर्ष, शिक्षा B.Com।

2. शोएब खान पुत्र नजररुद्दीन निवासी ग्राम शकूरपुर, थाना मोदीनगर, गाजियाबाद वर्तमान पता गली नं. 02, मामूरा, थाना फेस-03, गौतमबुद्धनगर, उम्र 25 वर्ष, शिक्षा 12वीं।
3. रितिका पुत्री राजीव गुप्ता निवासी गली नं. 2, ग्राम ममूरा, सेक्टर-66, थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर, उम्र लगभग 19 वर्ष शिक्षा 10वीं।
4. मन्तसा अब्बासी पुत्री इकबाल अहमद निवासी श्याम नगर, थाना नौचंदी, मेरठ वर्तमान पता सरफाबाद, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर, उम्र लगभग 24 वर्ष, शिक्षा MBA।
5. फातिमा पुत्री गुलाम गोस सिद्दकी निवासी शाहीन बाग, थाना शाहीन बाग, दिल्ली, उम्र लगभग 19 वर्ष, शिक्षा 12वीं।
6. खुशी उर्फ खुशबू पुत्री शकूर खां निवासी छजारसी, सेक्टर-63, थाना सेक्टर-63, गौतमबुद्धनगर, उम्र लगभग 20 वर्ष, शिक्षा BBA।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--** मु0अ0सं0 75/2026 धारा 61(2),318(4) BNS, 66(D) IT एक्ट, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर ।

**बरामदगी का विवरण--**

1- 07 मोबाइल फोन
2- 01 लैपटॉप
3- 05 मॉनिटर, 05 कीबोर्ड, 05 CPU, 04 माउस,
4- 01 राउटर, 02 मोहर, 02 चेकबुक, 02 सिम कार्ड, 01 एटीएम कार्ड तथा अन्य दस्तावेज आदि

## 2. थाना कासना पुलिस द्वारा टप्पेबाजी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त ऑटो व एक एटीएम कार्ड एवं 9420 रुपए नकद बरामद।

**घटना का विवरण--** दिनांक 02.02.2026 को वादी द्वारा सूचना दी गयी कि तीन अज्ञात व्यक्तियो द्वारा कस्बा कासना बस स्टैंड के पास टप्पेबाजी करके वादी का बैग बदल लेना व बैग मे रखे एटीएम कार्ड से धोखाधडी कर तीन बार मे 22000 रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में थाना कासना पर मु0अ0स0 41/2026 धारा 303(2), 318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

**कार्यवाही का विवरण--** **थाना कासना पुलिस** द्वारा सीसीटीवी फुटेज व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर कस्बा कासना से दिनांक **10.03.2026** को घटना में शामिल 02 अभियुक्त 1.अभि0 पंकज उर्फ तोतला पुत्र जगदीश 2.समशेर पुत्र बली मोहम्मद को घटना मे प्रयुक्त ऑटो व अभि0 पंकज से 2120 रुपये व 01 एटीएम कार्ड बैक ऑफ बडौदा तथा अभि0 समशेर से 7300 रुपये बरामद किये गये है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. पंकज उर्फ तोतला पुत्र जगदीश निवासी राधानगर थाना कोतवाली नगर जिला बुलन्दशहर उम्र 26 वर्ष
2. समशेर पुत्र बली मोहम्मद निवासी सोरहा थाना कलवारी जनपद बस्ती हालपता नगला फेस 2 उम्र 48 वर्ष

**बरामदगी का विवरण--**

1- घटना में प्रयुक्त ऑटो रजि0न0 यूपी 16 क्यूटी 9823
2- अभियुक्त पंकज से 2120 रुपये/- व 01 एटीएम कार्ड बैक ऑफ बडौदा व अभि0 समशेर से 7300 रुपये

**अपराधिक इतिहास--**

- **अभियुक्त पंकज--**

1- मु0अ0स0 41/2026 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना कासना गौतमबुद्धनगर।
2- मु0अ0स0 256/2022 धारा धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना दादरी गौतमबुद्धनगर।

- **अभियुक्त शमशेर--**

1- मु0अ0स0 41/2026 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना कासना गौतमबुद्धनगर।

## 3. थाना सेक्टर-58 पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मो0सा0 स्पलेण्डर, 420 रूपये नकद व एक अवैध चाकू बरामद।

**कार्यवाही का विवरण-- थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस** द्वारा दिनांक **10.03.2026** की रात्रि में थाना सेक्टर-58 क्षेत्र से एक वाहन चोर सलमान पुत्र ईनाम को **गिरफ्तार** किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी की एक मो0सा0 स्पलेण्डर रजि0 नं0 यूपी 16 डीसी-0867, 420 रूपये नकद व एक अवैध चाकू बरामद हुआ है।

**अपराध करने का तरीका--** अभियुक्त सलमान उपरोक्त ने पूछताछ पर बरामद मो0सा0 स्पलेण्डर रजि0 न0 यूपी16डीसी-0867 के बारे में बताया कि करीब तीन महीने पहले बुद्ध बाजार के पास खोडा से चोरी की है जिसके सम्बन्ध में थाना खोडा जिला गाजियाबाद पर मु0अ0सं0-531/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। व बरामद नकद 420/- के बारे में बताया कि करीब एक माह पहले सी ब्लाक सेक्टर-58, नोएडा से राह चलते व्यक्ति से एक टेक्नो कम्पनी का मोबाईल फोन छीना था जिसे राह चलते व्यक्ति को बेच दिया था, जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर 58 पर मु0अ0सं0- 55/2026 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--** सलमान पुत्र ईनाम निवासी ग्राम गुनंतलाराव थाना जटलाना जिला यमुना नगर हरियाणा उम्र करीब 22 वर्ष

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास--**

1. मु0अ0सं0-531/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना खोडा जिला गाजियाबाद
2. मु0अ0सं0-55/2026 धारा 304(2) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा
3. मु0अ0सं0-78/2026 धारा 317(2)बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-58, नोएडा

**बरामदगी का विवरण--**

एक मो0सा0 स्पलेण्डर रजि0 न0 यूपी 16 डीसी-0867 (सम्बन्धित मु0अ0सं0-531/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना खोडा जिला गाजियाबाद )

420 रूपये (सम्बन्धित मु0अ0सं0- 55/2026 धारा 304(2) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा)

01 अवैध चाकू।